PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Saturday, 11th September 2010, Page: 8
Width: 11.47 cms Height: 22.56 cms, Ref: pmin.2010-09-11.41.39

# संसद की 23 स्थायी समितियों का पुनर्गठन

## राहुल गांधी मानव संसाधन विकास से संबंधित समिति के सदस्य बने

जनसत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली, 10 सितंबर। संसद की 23 स्थायी समितियों के पुनर्गठन में कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी को मानव संसाधन विकास से संबंधित संसद की समिति का सदस्य बनाया गया है। इसके अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आस्कर फर्नांडीज हैं। पुनर्गठन में गृह मंत्रालय संबंधी स्थायी समिति का अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठनेता एम वेंकैया नायडू हैं। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी इस समिति के सदस्य हैं। संसद की 23 स्थायी समितियों की पुनर्गठन का एलान शुक्रवार को किया गया।

इसके मुताबिक टी सुब्बीरामी रेड्डी विज्ञान और प्रौद्योगिकी मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे। पार्टी ने शायद उनके पिछले काम से खुश हो कर यह वरीयता बख्शी है। रेड्डी की अध्यक्षता में इस समिति ने मानसून सत्र में परमाणु दायित्व विधेयक पर विपक्षी दलों के विचारों को समाहित करके उसे संसद से पारित कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस के ही केशव राव इस समिति के सदस्य बने रहेंगे। उन्होंने संसद के मानसून सत्र में राज्यसभा में कपिल सिब्बल के नेतृत्व वाले मानव संसाधन विकास मंत्रालय की तीखी आलोचना के कारण शिक्षा संबंधी महत्त्वपूर्ण विधेयक गिरा कर सरकार की भारी फजीहत कराई थी।

कांग्रेस के अर्जुन सिंह ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष हैं। वहीं जद (एकी) के अध्यक्ष शरद यादव को शहरी विकास से जुड़ी स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। बसपा के दारा सिंह चौहान सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण स्थायी समिति के हैं। बसपा के बृजेश पाठक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी समिति के अध्यक्ष हैं। द्रमुक के वरिष्ठ नेता टीआर बालू रेलवे समिति के अध्यक्ष हैं। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय संबंधी स्थायी संसदीय समितियों में कांग्रेस के तीन प्रवक्ता, अभिषेक मनु सिंघवी, मनीष तिवारी और जयंती नटराजन को रखा गया है। ये तीनों वकील भी हैं। नटराजन इसकी अध्यक्ष हैं। इस क्षेत्र से वरिष्ठ वकील और भाजपा सांसद राम जेठमलानी को भी इस समिति में रखा गया है। राजद के लालू प्रसाद भी इस पैनल में शामिल किए गए हैं। नटराजन इसकी अध्यक्ष हैं।

वित्त संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष पूर्व वित्तमंत्री और भाजपा नेता यशवंत सिन्हा हैं। इसके सदस्यों में आंध्र प्रदेश से कांग्रेस के असंतुष्ट नेता वाईएस जगनमोहन रेड्डी शामिल हैं। माकपा के सीताराम येचुरी परिवहन, पर्यटन और संस्कृति से जुड़ी समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे। जबकि माकपा के ही बासुदेव आचार्य को कृषि संबंधी स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। कृषिमंत्री शरद पवार के कटु आलोचक कांग्रेस के सत्यव्रत चतुर्वेदी इसके सदस्य बनाए गए हैं।

रसायन और उर्वरक समिति का अध्यक्ष भाजपा के गोपीनाथ मुंडे को बनाया गया है। इसके सदस्यों में भाजपा के ही अर्जुन मुंडा हैं, हांलाकि यह करीब तय हो गया है कि वें झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। आईपीएल विवाद के कारण मंत्री पद गंवाने वाले शशि थरूर एनसीपी की सुप्रिया सुले के साथ विदेश संबंधी समिति की सदस्य होंगे। इसके अध्यक्ष भाजपा के नेता अनंत कुमार हैं।